# बिहार सरकार
# निर्वाचन विभाग

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना – 800015

ई–मेल

दूरभाष सं०:– 0612–2217956
फैक्स:– 0612–2215611 / 2215978
ई–मेल:– ceo_bihar@eci.gov.in

पत्रांक : B1-3-145/2025 – 3558  पटना, दिनांक 15 सितम्बर, 2025 ई०।

प्रेषक

अमित कुमार पाण्डेय (भा०प्र०से०),
अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार।

सेवा में

निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी,
पटना स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र–सह–आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना।
निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी,
तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र–सह–आयुक्त, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर।
निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी,
दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र–सह–आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा।
निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी,
कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र–सह–आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।
निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी,
सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र–सह–आयुक्त, सारण प्रमंडल, छपरा।

**विषय :– अर्हता तिथि 01.11.2025 के आधार पर स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक सूची की तैयारी के संबंध में।**

**प्रसंग :– (1) भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली का पत्रांक 322/LC/G&T/E-ROLL/2026-BIEN दिनांक 12.09.2025 जो इस कार्यालय के पत्रांक बी1–3–145/2025–3514 दिनांक 13.09.2025 द्वारा प्रेषित है।**
**(2) भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली का पत्रांक–37/LC/INST/ECI/FUNC/ERD/ER/2016 दिनांक 05.09.2016 (हिन्दी एवं अंग्रेजी में)।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों का कृपया संदर्भ किया जाये। अर्हता तिथि 01.11.2025 के आधार पर स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक सूची की तैयारी के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निदेश इस कार्यालय के पत्रांक बी1–3–145/2025–3514 दिनांक 13.09.2025 द्वारा प्रेषित है। अपने अधीनस्थ सभी संबंधित जिला निर्वाचन पदाधिकारी/सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों को आयोग के उक्त निदेश की प्रति अविलम्ब उपलब्ध कराने की कृपा की जाये, ताकि उनके द्वारा आयोग के उक्त निदेश का ससमय अक्षरशः अनुपालन किया जा सके।

उपर्युक्त प्रासंगिक पत्रों में अंकित दिशा निर्देश के आधार पर निर्वाचक सूची की तैयारी हेतु प्रेषित कार्यक्रम का सभी गतिविधियों का ससमय निष्पादन किया जाना है। आयोग के उक्त निर्देश के आलोक में निम्नलिखित कार्रवाई की जानी है :–

**(क) स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक सूची** – निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960 के नियम 31 के अनुसार संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी–सह–आयुक्त स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए आयोग के पत्रांक 37/LC/INST/ECI/FUNC/ERD/ER/2016 दिनांक 05.09.2016 के साथ संलग्न

अनुबंध 'क' (Annexure-A) में दिनांक 30.09.2025 (Tuesday) को सार्वजनिक नोटिस जारी करेंगे। उक्त नोटिस उन दो समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जायेगा जिनका उस निर्वाचन क्षेत्र में सरकुलेशन हो। समाचार पत्र में प्रकाशित नोटिस की प्रति मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में भेजी जानी है।

दिनांक 15.10.2025 (Wednesday) एवं दिनांक 25.10.2025 (Saturday) को आयोग के पत्रांक 37/LC/INST/ECI/FUNC/ERD/ER/2016 दिनांक 05.09.2016 के साथ संलग्न अनुबंध 'क–1' (Annexure-A-1) में पुनः नोटिस प्रकाशित किया जायेगा।

**(ख) शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक सूची** – निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960 के नियम 31 के अनुसार संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी–सह–आयुक्त शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए आयोग के पत्रांक 37/LC/INST/ECI/FUNC/ERD/ER/2016 दिनांक 05.09.2016 के साथ संलग्न अनुबंध 'ख' (Annexure-B) में दिनांक 30.09.2025 (Tuesday) को सार्वजनिक नोटिस जारी करेंगे। उक्त नोटिस उन दो समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जायेगा जिनका उस निर्वाचन क्षेत्र में सरकुलेशन हो। समाचार पत्र में प्रकाशित नोटिस की प्रति मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में भेजी जानी है।

दिनांक 15.10.2025 (Wednesday) एवं दिनांक 25.10.2025 (Saturday) को आयोग के पत्रांक 37/LC/INST/ECI/FUNC/ERD/ER/2016 दिनांक 05.09.2016 के साथ संलग्न अनुबंध 'ख–1' (Annexure-B-1) में पुनः नोटिस प्रकाशित किया जायेगा।

उपर्युक्त दोनों के संबंध में आयोग के पत्रांक 37/LC/INST/ECI/FUNC/ERD/ER/2016 दिनांक 05.09.2016 की कंडिका–2.2.5 में दिये गये निदेश के अनुसार कार्रवाई की जानी है।

उक्त नोटिस को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के वेबसाईट पर भी प्रकाशित किया जाना है।

अतः निदेशानुसार अनुरोध है कि दिनांक 30.09.2025, दिनांक 15.10.2025 एवं दिनांक 25.10.2025 को प्रकाशित नोटिस की प्रति प्रकाशन की तिथि को ही मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के कार्यालय को उपलब्ध कराने की कृपा की जाये।

अनु० :– यथा उपर्युक्त।

विश्वासभाजन

15/9/2025

(अमित कुमार पाण्डेय)
अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार।

ज्ञापांक – 3558 पटना, दिनांक 15 सितम्बर, 2025 ई०।

प्रतिलिपि :– सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र–सह–जिला पदाधिकारी, पटना, नालन्दा, नवादा, मुजफ्फरपुर, वैशाली, सीतामढ़ी, शिवहर, दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर, बेगूसराय, पूर्णिया, किशनगंज, कटिहार, अररिया, सहरसा, मधेपुरा, सुपौल, खगड़िया, भागलपुर, बांका, मुंगेर, जमुई, लखीसराय, शेखपुरा, पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, सारण, सिवान एवं गोपालगंज को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15/9/25

(अमित कुमार पाण्डेय)
अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार।